आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में आयोजित होने वाले नौवें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में भाग लेंगे।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सर्वेक्षण आज से शुरू।
- व्यवहारिक प्रशिक्षण के चलते गर्ल्स स्कूल से धर्मशाला जंक्शन तक की सड़क आज से 28 अगस्त तक बंद रहेगी।
- श्री विजयपुरम में आज से 7 सितम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में आयोजित होने वाले नौवें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में भाग लेंगे। दो दिवसीय यह सम्मेलन भौतिक और आभासी दोनों माध्यमों से संयुक्त रूप में आयोजित किया जाएगा। देश भर के विभिन्न सुरक्षा बलों और पुलिस बलों के 850 से अधिक अधिकारी सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न समकालीन मुद्दों और चुनौतियों पर विचार–विमर्श करेंगे।

<><><><><><><>

जनजातीय कार्य मंत्रालय आज से बुधवार तक कर्नाटक के मैसूरु में आदिवासी भाषाओं और संग्रहालयों पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। यह सम्मेलन आदिवासी भाषाओं के प्रलेखन, संरक्षण और पुनरुद्धार पर राष्ट्रीय संवाद को बढ़ावा देगा। इससे देश भर में आदिवासी संग्रहालयों और आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों को मजबूती मिलेगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद अपने सभी 24 वार्डों में हेयर–कटिंग सैलून, नाई की दुकानों, ब्यूटी पार्लर, स्पा और अन्य प्रतिष्ठानों पर सर्वेक्षण कर रही है। इसका उद्देश्य ऐसे प्रतिष्ठानों के नगरपालिका रिकॉर्ड तैयार कर उनका अद्यतन करना है।

इसके लिए टीमें आज से इन जगहों का दौरा करेंगी। इस दौरान टीम के सदस्य जारी वैध पहचान पत्र साथ रखेंगे। इसके लिए किसी भी तरह की कोई फीस या शुल्क नहीं लिया जाएगा। सर्वे में प्रतिष्ठान की बुनियादी जानकारी शामिल होगी। नगरपालिका परिषद के भीतर आने वाले सभी प्रतिष्ठानों से सर्वेक्षण टीम को सही जानकारी देने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और कल्टस एजुकेशन ने अमेजॉन वेब सर्विसेज के साथ मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर क्लाउड तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कौशल की शुरुआत करने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डेढ लाख से अधिक लोगों को एआई और क्लाउड साक्षरता के बारे में आधारभूत जानकारी उपलब्ध कराना है। इसके अलावा दस हजार भागीदारों को रोजगार योग्य प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि इस पहल में विकसित भारत का विज़न परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि भारत नवाचार, तकनीक और प्रतिभा का वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के हिस्से के रूप में, उप शिक्षा कार्यालय विम्बर्लीगंज की ओर से स्कूली छात्रों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अंडर–17 वर्ग के लड़कों के लिए अंतर–स्कूली हॉकी टूर्नामेंट आज से शुरू होगा। रोड रेस 29 अगस्त को सुबह 6 बजे से मिनी स्टेडियम, विम्बर्लीगंज से आरंभ होगा। इसके तहत ओपन श्रेणी में स्कूली लड़कों के लिए 10 किलोमीटर और लड़कियों के लिए 5 किलोमीटर, जबकि अंडर–14 श्रेणी के लिए लड़के और लड़कियों के लिए 5–5 किलोमीटर की दौड़ शामिल है। इसमें केवल विम्बर्लीगंज शैक्षणिक अंचल के स्कूली छात्र भाग ले सकेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के एक या दो स्थानों पर अगले पांच दिनों तक तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 40—50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगी, जो बढ़कर 55 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को 27 अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से संचालित 'टैक्टिकल ड्राइविंग कोर्स' के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में गर्ल्स स्कूल ट्रैफिक प्वाइंट से धर्मशाला जंक्शन तक का मार्ग वाहनों के आवागमन के लिए आज से अट्ठाईस अगस्त तक सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक तथा दोपहर ढाई बजे से शाम पांच बजे तक अस्थाई रूप से बंद रहेगा। इस दौरान लोगों से यातायात पुलिस के निर्देशों के अनुसार वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में आज से 7 सितम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा और न्यायमूर्ति विश्वरूप चौधरी मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक बल कल ब्रिचगंज स्थित चिन्ते लॉन्ग फायरिंग रेंज में फायरिंग अभ्यास करेगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। भारतीय तटरक्षक बल ने लोगों से अभ्यास के दौरान फायरिंग रेंज क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2016 से इन द्वीपों में कार्यान्वित की जा रही है। योजना का उद्देश्य अप्रत्याशित प्राकृतिक घटनाओं के तहत पंजीकृत किसानों को बीमा कवर प्रदान करना है। यह योजना कृषि क्षेत्र में ऋण के प्रवाह को सुनिश्चित करती है और किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करती है।

द्वीपसमूह के तीनों जिलों में खरीफ 2026 सीजन के लिए धान PMFBY के तहत अधिसूचित फसल है। योजना के तहत नामांकित सभी किसानों को भूमि रिकॉर्ड या प्रशासन द्वारा अधिसूचित अन्य दस्तावेज 31 अगस्त तक जमा करने को कहा गया है। किसानों को अपने संबंधित क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक या सहकारी बैंक में भूमि दस्तावेजों के साथ संपर्क कर योजना के तहत अपना नामांकन कराना होगा। राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर स्वयं भी पंजीकरण किया जा सकता है। नामांकन के बाद, फसल को हुए किसी भी नुकसान की सूचना बीमित किसान सीधे, 72 घंटों के भीतर कार्यान्वयन एजेंसी, संबंधित बैंक या स्थानीय कृषि विभाग को दे सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान कॉल सेंटर पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग के सहयोग से हाल ही में कैंपबेल बे स्थित पशु चिकित्सा अस्पताल की ओर से अजोला की तैयारी व खेती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन प्रदर्शनों का मुख्य उद्देश्य किसानों के बीच जागरूकता पैदा करना और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना था। यह पहल किसानों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और खेत की उत्पादकता तथा आय बढ़ाने के लिए व्यावहारिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

<><><><><><><>

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ दक्षिण अंडमान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहाड़गांव थाने में श्री विजयपुरम निवासी शरीफ खान, ऊषा कुमारी और रिंकू माला मंडल के खिलाफ कई लोगों से ठगी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। सूचना के अनुसार आरोपियों ने सरकारी नौकरी दिलाने का झूठा वादा कर पीड़ितों से नकद, चेक और ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से मोटी रकम ली। पुलिस ने लोगों से सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देने वाले ठगों से सावधान रहने और पीड़ित व्यक्तियों को शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

<><><><><><><>